21/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

आज आनिनी में पंचायत ग्रामीण मार्ट की शुरुआत की गई। ग्रामीण मार्ट एक सामुदायिक केंद्र है, जिसमें ग्रोसरी स्टोर, रेस्टॉरेंट, कैफेटेरिया, फिटनेस सेंटर, लोकेल उत्पाद एम्पोरियम, गिफ्ट सेंटर और ट्रैवल एजेंसी की सुविधा है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा की कि राज्य के स्वामित्व वाले संसाधन (SoR) योजना के तहत इस पहल का उद्देश्य पंचायत राज संस्थाओं को सशक्त बनाना, आत्मनिर्भरता और स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

00000000000000000000

राज्य के शिक्षामंत्री पीडी सोना ने आज ईटानगर में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान राज्य में बाल अधिकार, शिक्षा और संरक्षण तंत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री सोना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि बच्चों के लिए एक सुरक्षित, समावेशी और पोषण करने वाला वातावरण सुनिश्चित करना सर्वोपरि है और आयोग के प्रयास सराहनीय हैं।

0000000000000000000000

राज्य में शहरी विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ईटानगर नगर निगम के मेयर ताम्मे फासांग ने शहरी विकास और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री बालो राजा के साथ आज नई दिल्ली में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की।

बैठक के दौरान, राज्य के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को मंत्रालय के दायरे में चल रही विभिन्न विकास गतिविधियों से अवगत कराया और अरुणाचल प्रदेश में शहरी बुनियादी ढांचे, आवास और स्वच्छता से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

00000000000000000000

ऑपरेशन डॉन के तहत कैपिटल पुलिस ने चिम्पू में सक्रिय एक अंतर-राज्यीय ड्रग तस्करी नेटवर्क को सफलतापूर्वक खत्म करके नशीले पदार्थों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक बड़ी सफलता हासिल की है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दो ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया गया है। इस ऑपरेशन के दौरान कुल 60.4 ग्राम संदिग्ध हेरोइन, 40,000 रुपये नकद, जो ड्रग बिक्री से प्राप्त होने का अनुमान है, और वितरण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक बाईक जब्त किया गया। ऑपरेशन डॉन उद्देश्य सक्रिय पुलिसिंग और खुफिया-संचालित अभियानों के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी का मुकाबला करना है। इस बीच, एसपी कैपिटल, रोहित राजबीर सिंह द्वारा पुलिस टीम को उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए सराहना की और ऑपरेशन डॉन के तहत ड्रग नेटवर्क को खत्म करने के लिए कैपिटल पुलिस की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

000000000000000

“एमपावरिंग एबिलिटिज, सेलिब्रेटिंग इंक्यूजन" थीम के तहत आज दिव्यांगजनों के लिए 2025 का पर्पल फेयर ड्री ग्राउंड, नाहरलगन में आयोजित किया गया। इस फेयर में दोन्यी पोलो मिशन स्कूल फॉर द हियरिंग एंड विजुअली इम्पेयर्ड, चिम्पू, के. ब्लूमिंग सेंटर, तोको रिहैब सेंटर,

नाहरलगन और अन्य दिव्यांग व्यक्तियों के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न स्टॉलों पर दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद प्रदर्शित किए गए, जिनमें पर्पल जूस सेंटर, हस्तशिल्प जैसे सामान शामिल थे, साथ ही ओजू वेलफेयर एसोसिएशन, नाहरलगन द्वारा एक विशेष हस्तशिल्प स्टॉल भी था, जिसमें उनके छात्रों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को रखा गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समावेशिता, पहुंच और सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

0000000000000000000000000

पूर्वोत्तर भारत की समकालीन फिल्मों का उत्सव, बॉर्डरलैंड नैरेटिव्स फिल्म फेस्टिवल का दूसरा संस्करण, कल से आरजीयू कैंपस में शुरू हुआ। राज्य सरकार द्वारा समर्थित, इस महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की अनूठी सांस्कृतिक कथाओं के साथ ही फिल्म निर्माताओं एवं लोगों के बीच संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, लोंगदिंग और तिराप जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, इन जिलों में अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभावन व्यक्त किया गया है।

0000000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय ने गत 18 से 19 मार्च को कोलकाता के जेआईएस विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय विश्वविद्यालय संघ, ईस्ट ज़ोन के वाइस चांसलर कॉनफ़रेंस 2024-25 के दौरान **"बेस्ट प्रेक्टीसेज ऑन प्रोटेक्शन, प्रिजर्वेशन एण्ड प्रॅामोशन ऑफ़ इंडिजेनस कलचर"** पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अपने ना किया है। सम्मेलन में भाग लेने वाले आरजीयू के कार्यवाहक कुलपति प्रो एस.के. नायक ने पूरे आरजीयू को इस उपलब्धी पर बधाई देते हुए स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता पर गर्व व्यक्त किया।

0000000000000000

20वें तादार तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में आज सभी चार जोन्स में रोमांचक फुटबॉल मुकाबले जारी है। नामसाई में जोन 1 के तहत, नामसाई ने दिबांग वैली को 4-1 से पराजित किया। वहीं लोअर सियांग के नारी में आयोजित जोन 2 मुकाबले में शियोमी ने सियांग पर 2 गोल से जीते दर्ज की। अपर सुबनसिरी के दापोरिजो में आयोजित जोन 3 मैच में कामले ने कुरुंग कुमे को 3-1 से हराया। दिन के अंतिम मैच में क्रा दादी ने एपीपीएससीबी को 3-0 से पराजित किया। इस बीच, तवांग में जोन 4 में पाक्के केसांग का सामना कैपिटल कॉम्प्लेक्स से, ईस्ट कामेंग का तवांग से और बिचोम का मुकाबला वेस्ट कामेंग से होगा।

0000000000000000000000